CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 124 रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई की तबियत बिगड़ी, रायपुर एम्स के आईसीयू में भर्ती

**रायपुर, 28 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की गौरवशाली पंडवानी परंपरा को नई पहचान दिलाने वाली विख्यात लोक कलाकार तीजन बाई की तबीयत अचानक खराब हो गई। स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां मेडिकल आईसीयू में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। लोककला की जीवंत पहचान तीजन बाई को तबीयत बिगड़ने के बाद एम्स रायपुर लाया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, उन्हें प्राथमिक जांच के बाद सीधे मेडिकल आईसीयू में भर्ती किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम उनकी सेहत पर पल-पल की नजर बनाए हुए है। उनकी हालत स्थिर है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है। पद्मविभूषण समान से सम्मानित तीजन बाई देश-विदेश में पंडवानी कला की अग्रदूत मानी जाती हैं। उनके स्वास्थ्य खराब होने की खबर फैलते ही कला प्रेमियों, कलाकारों और अनुयायियों में चिंता की लहर है।



### केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ली सीबीएसई ओसीएम गड़बड़ी की जिम्मेदारी, बोले- होगी कड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, 28 मई (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शुरू की गई नई ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली का बचाव करते हुए इसे अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एक प्रगतिशील साधन बताया। कक्षा 12 की मूल्यांकन प्रक्रिया में सामने आई अनियमितताओं को लेकर जताई गई चिंताओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने स्वीकार किया कि कुछ मुद्दे सामने आए हैं और छात्रों को आश्वासन दिया कि चल रही पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि कुछ अनियमितताएं हमारे संज्ञान में आई हैं, और मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं। इन मुद्दों को सुधारा जाएगा और उचित समाधान निकाले जाएंगे। हम किसी भी छात्र के प्रश्न या चिंता को अनसुलझा नहीं छोड़ेंगे। मंत्री ने कहा कि ओएसएम प्रणाली छात्रों को अपने अंकों का विवरण पारदर्शी रूप से देखने और अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां सीधे देखने में सक्षम बनाती है, जिससे उन्हें यह सत्यापित करने में मदद मिलती है कि मूल्यांकन के दौरान कोई उत्तर या अनुभाग छूट तो नहीं गया।




चूहा- सुनती हो, आखिर कर्नाटक में सीएम कुर्सी का बंटवारा हो ही गया।

चुहिया- हां जी, परेशानी से बचने सभी जगह सीएम कुर्सी **डबल सीटर** ही बनना चाहिए।

## 'आज इस्तीफा देंगे सिद्धारमैया'

# मंत्री एच के पाटिल बोले- डीके शिवकुमार बनेंगे नए सीएम



**नई दिल्ली, 28 मई (न्यूज चैनल)।** कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस सरकार में आज बड़ा बदलाव होने की चर्चाएं हैं। सीएम सिद्धारमैया आज सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं और उनकी जगह डीके शिवकुमार को अगला सीएम बनाया जा सकता है। सीएम सिद्धारमैया आज राज्यपाल से मुलाकात करेंगे और इस मुलाकात में वे अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप सकते हैं। हालांकि राज्यपाल के दौरे पर होने के चलते वे राज्यपाल कार्यालय को ही इस्तीफा दे सकते हैं। कर्नाटक सरकार के मंत्री एच के पाटिल ने बताया कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आज शाम 3 बजे इस्तीफा दे देंगे। सिद्धारमैया ने ही कहा है कि डीके शिवकुमार नए सीएम होंगे। एच के पाटिल ने बताया कि नाश्ते के दौरान हुई बैठक में सिद्धारमैया ने ये बातें कहीं।

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के अंदरूनी मतभेदों ने न केवल कांग्रेस विधायकों के बीच अस्थिरता पैदा की है, बल्कि राज्य का प्रशासनिक ढांचा भी पूरी तरह चरमरा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति और विकास कार्यों में कोई प्रगति न होने के कारण जनता से जुड़े अहम मुद्दों की लगातार अनदेखी हो रही है। विजयेंद्र ने कहा, कांग्रेस सरकार की नीतियों से राज्य के युवा बेहद परेशान और निराश हैं। सरकार लोगों की बुनियादी समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह विफल रही है। कर्नाटक में सीएम पद को लेकर जारी सस्पेंस के बीच कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकर्ता उमा शंकर ने मीडिया से बातचीत में बताया डीके शिवकुमार कल सीएम पद की शपथ लेंगे और हम बड़े पैमाने पर इसका जश्न मनाएंगे। इससे पहले समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि आज सुबह अपनी कैबिनेट के सहयोगियों के साथ नाश्ते पर हुई बैठक में सिद्धारमैया ने सीएम पद से इस्तीफा देने का एलान कर दिया। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है।

## रायपुर ईदगाह मैदान पर ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई



रायपुर- रायपुर में ईद के मौके पर मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा की गई। ईद-उल-फितर पर रायपुर की मदीना मस्जिद में भी नमाज अदा हुई और लोगों ने अमन-चैन की दुआ मांगी। वही बकरी ईद पर रायपुर ईदगाह मैदान मुख्य जगहों में से एक है जहाँ बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए इकट्ठा हुए और नमाज अदा की।

## राष्ट्रपति व पीएम मोदी ने देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, 28 मई (न्यूज चैनल)।** ईद-उल-अधा का पर्व बृहस्पतिवार को अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। ईद-उल-अधा की जगह-जगह नमाज अदा की गई। नमाज में मुल्क में अमन-चैन और भाईचारा कायम रखने की दुआ की गई। बकरीद के अवसर पर दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। दिल्ली पुलिस ने मध्य जिले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि पहले ही रूट मार्च और फ्लैग मार्च किए गए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा, ईद-उज-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह त्योहार समर्पण, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह पर्व हमें मानवता, विशेषकर वंचित वर्गों, की सेवा करने की प्रेरणा देता है। आइए, इस अवसर पर हम समाज में प्रेम और समरसता का संचार करने के लिए अधिक प्रतिबद्धता से आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, ईद-उल-अधा की हार्दिक शुभकामनाएं! ईश्वर करे कि यह अवसर हमारे समाज में भाईचारे और खुशियों की भावना को और गहरा करे। सभी की सफलता और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना।

## सीएम साय की घोषणा पर हुआ अमल, जिला पंचायतों को भी मिलेगा गौण खनिज निधि में हिस्सा, आदेश जारी

**रायपुर, 28 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए जिला पंचायतों को भी गौण खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी राजस्व राशि में हिस्सा देने का आदेश जारी कर दिया है। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जिला पंचायतों को भी गौण खनिज निधि का हिस्सा दिए जाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने मंच से ही इस मांग को स्वीकार करते हुए घोषणा की थी, जिसका अब राज्य शासन द्वारा पालन कर दिया गया है।



खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार गौण खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व का 33 प्रतिशत हिस्सा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पूर्ववत दिया जाएगा, जबकि शेष 67 प्रतिशत राशि का वितरण ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायतों के बीच निर्धारित स्लैब के अनुसार किया जाएगा। जारी आदेश के तहत 7.50 लाख रुपये तक की राशि पूरी तरह ग्राम पंचायत को मिलेगी। 7.50 लाख से 10 लाख रुपये तक की राशि में 80 प्रतिशत ग्राम पंचायत, 10 प्रतिशत जनपद पंचायत और 10 प्रतिशत जिला पंचायत को दिया जाएगा। 10 लाख से 25 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 70 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 15-15 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। इसी तरह 25 लाख से 50 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 60 प्रतिशत और जनपद व जिला पंचायत को 20-20 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। 50 लाख रुपये से अधिक की राशि में ग्राम पंचायत को 50 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 25-25 प्रतिशत राशि मिलेगी।

राज्य शासन ने निधि के उपयोग के दायरे का भी विस्तार किया है। अब इस राशि का उपयोग स्कूलों और अस्पतालों में रनिंग वॉटर सुविधा, सामुदायिक शौचालय, मुक्तिधाम निर्माण, पहुंच मार्ग तथा वाचनालय निर्माण जैसे कार्यों में किया जा सकेगा। जिला पंचायतों को मिलने वाली राशि का उपयोग उन क्षेत्रों के विकास कार्यों में किया जाएगा, जहां खनन गतिविधियों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों में विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों को गौण खनिज निधि में हिस्सेदारी मिलने से स्थानीय विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी और त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री की घोषणा का पालन होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन कुमार अग्रवाल सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पंचायतों के कामकाज और संचालन व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

## तेन्दुएं के हमले से अधेड़ की मौतः कोरमुड़ के पहाड़ी में मिला क्षत-विक्षिप्त शव

**दो साल पूर्व तेन्दुआ द्वारा हमला कर ले जाया गया था तीन वर्षीय बच्चे को**



**धमतरी, 28 मई (हाईवे चैनल)।** जिले के वनाचंल क्षेत्रो में लगातार वन्य प्राणियों की चहलकदमी होती रहती है। इसी बीच कई बार मानव व वन्य प्राणियों का आमना सामना भी हो जाता है। जिसमें जानमाल का नुकसान पूर्व में भी हो चुका। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम बेलरगांव क्षेत्र के ग्राम कोरमुड़ निवासी चौथराम मंडावी 55 वर्ष घर से शौच के लिए पहाड़ी की ओर निकला और काफी देर तक वापस नहीं लौटा, फिर परिजनों व ग्रामीणों ने रात भर तलाश किया। लेकिन अगले दिन सुबह को जंगल में चौथराम का क्षत-विक्षिप्त शव मिला। शव से एक हाथ व पैर गायब था जबकि पेट भी फटा हुआ था। घटना स्थल पर घसीटने के निशान भी मिले है। जानकारी की माने तो कोरमुड़ व आसपास के इलाके में तेन्दुआ व भालुओं की मौजूदगी रहती है। शुरुआती जांच में आशंका जताई गई है कि तेन्दुओ द्वारा अधेड़ पर हमला किया गया होगा। बता दे कि पूर्व में भी तेन्दुआ द्वारा मानव शिकार किया जा चुका है। लगभग दो साल पूर्व तीन वर्षीय बच्चे को घर के आंगन से तेन्दुआ द्वारा उठाकर जंगल ले जाकर शिकार किया गया था जिससे बच्चें की मौत हो गई थी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों की खुलासा हो पाएगा। फिल वन विभाग की टीम मौके से तेन्दुआ या अन्य जंगली जानवर के पगचिन्हो को तलाश कर हमलावर की सटीक जानकारी जुटाने में लगे हुए है।

*"कोरमुड़ के पहाड़ी में अधेड़ के मिले क्षत विक्षिप्त शव के मामले में प्रथम दृश्या तेन्दुआ द्वारा हमले की आशंका है। वन विभाग की टीम मौके पर जांच पड़ताल कर हमलावर जंगली जानवर के पग चिन्हो व अन्य सबूत जुटाए जा रहे है। व्यक्ति के मौते के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम के पश्चात हो पायेगा।"*

**श्रीकृष्ण जाधव**
**डीएफओ धमतरी**

### विधायक और नायब तहसीलदार के बीच विवाद ने पकड़ा तूल

## एक ओर विधायक की बहन पहुंची थाने, दूसरी ओर प्रशासनिक सेवा संघ पहुंचा कलेक्टर के पास




**अंबिकापुर, 28 मई (हाईवे चैनल)।** नायब तहसीलदार और विधायक के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है. एक तरफ जहां विधायक की बहन ने नायब तहसीलदार पर बदतमीजी का आरोप लगाया है, वहीं दूसरी ओर नायब तहसीलदार ने विधायक के साथ उनके समर्थकों पर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है. मामले में कलेक्टर अजीत बसंत ने दोनों पक्षों की शिकायत पर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की बात कही है। बता दें कि मैनपाट तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिकपुरी और सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो और उनके समर्थकों के बीच 27 मई को वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसके बाद मारपीट की बात कही जा रही है।

मामले में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो की बहन सीमा धनकी ने एक तरफ जहां नायब तहसीलदार तुषार मानिकपुरी पर बदतमीजी का आरोप लगाते हुए सीतापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है. वहीं दूसरी ओर नायब तहसीलदार ने विधायक रामकुमार टोप्पो और उनके समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस बीच छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर सीतापुर विधायक और उनके समर्थकों द्वारा नायब तहसीलदार से किए गए अभद्र व्यवहार और मारपीट की कड़ी निन्दा करते हुए उचित एवं न्यायसंगत कार्रवाई की मांग की है।

# जलाशयों में पर्याप्त जल भंडारणः गंगरेल में 47.32, मुरूमसिल्ली में 82.70 सोंदूर मे 63.08 व दुधावा मे 78.11 प्रतिशत है उपयोगी भराव

**वर्तमान जल भंडारण आगामी खरीफ सीजन की प्रारंभिक आवश्यकताओं तथा पेयजल आपूर्ति के लिए है पर्याप्त व महत्वपूर्ण**



### जलाशयों की वर्तमान स्थिति

| जलाशय | वर्तमान जलस्तर (मीटर) | कुल उपयोगी क्षमता (मि.घ.मी.) | वर्तमान उपयोगी जल भराव (मि.घ.मी.) | भराव प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| गंगरेल (रविशंकर सागर) | 343.69 | 767.00 | 362.97 | 47.32 प्रश्तिात |
| मुरुमसिल्ली | 375.10 | 133.98 | 110.87 (लगभग) | 82.70 प्रतिशत |
| दुधावा | 423.57 | 284.12 | 221.92 | 78.11 प्रतिशत |
| सोंदूर | 1506.84 | 180.00 | 113.323 | 63.08 प्रतिशत |

**धमतरी, 28 मई (हाईवे चैनल)।** महानदी जलाशय परियोजना तथा सोंदूर जलाशय परियोजना अंतर्गत जिले के प्रमुख जलाशयों में जल स्तर एवं उपयोगी जल भराव की ताज़ा स्थिति जारी की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों के बावजूद अधिकांश जलाशयों में पर्याप्त जल भंडारण बना हुआ है, जिससे पेयजल एवं सिंचाई प्रबंधन को स्थिरता मिलने की संभावना है।

जारी प्रतिवेदन के अनुसार रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल का वर्तमान जल स्तर 343.69 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि इसकी कुल उपयोगी जल भराव क्षमता 767.00 मिलियन घन मीटर है। वर्तमान में जलाशय में 362.97 मिलियन घन मीटर उपयोगी जल उपलब्ध है, जो कुल क्षमता का 47.32 प्रतिशत है। जलाशय में 1456 क्यूसेक पानी की आवक तथा 1100 क्यूसेक जावक दर्ज की गई। मुरूमसिल्ली जलाशय में वर्तमान जल स्तर 375.10 मीटर दर्ज किया गया। जलाशय की कुल उपयोगी जल भराव क्षमता 133.98 मिलियन घन मीटर के विरुद्ध 82.70 प्रतिशत जल उपलब्ध है। वहीं दुधावा जलाशय का वर्तमान जल स्तर 423.57 मीटर दर्ज किया गया तथा इसमें 221.92 मिलियन घन मीटर उपयोगी जल भंडारित है, जो कुल क्षमता का 78.11 प्रतिशत है।

इसी प्रकार सोंदूर जलाशय में वर्तमान जल स्तर 1506.84 मीटर दर्ज किया गया। जलाशय की कुल उपयोगी भराव क्षमता 180.00 मिलियन घन मीटर है, जबकि वर्तमान उपयोगी जल भराव 113.323 मिलियन घन मीटर दर्ज किया गया, जो लगभग 63.08 प्रतिशत है।विशेषज्ञों के अनुसार जलाशयों में उपलब्ध वर्तमान जल भंडारण आगामी खरीफ सीजन की प्रारंभिक आवश्यकताओं तथा पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा जल स्तर की सतत निगरानी की जा रही है ताकि आवश्यकता अनुसार जल प्रबंधन एवं वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

CMYK